(10) लेखा अधिकारी आवश्यक जॉच के बाद संराशिकरण की धनराशि तथा संराशिकरण के बाद देय पेंशन की धनराशि निर्धारित करके मुख्य नगर लेखा परीक्षक को आवश्यक जॉच हेतु भेजंगे, और उनके प्रमाण पत्र के आधार पर संराशिकरण के प्रभावी होने का दिनांक भरकर लेखाधिकारी स्वीकृति प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करेगें तथा आवश्यक भुगतान तथा निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका में तदनुसार उसे प्राप्त कर समय से भुगतान कर सके।

(11) संराशिकरण स्वीकृति आदेश के दिये गये दिनांक से ही प्रभावी होगा। यह दिनांक स्वीकृति आदेश के पारित होने के प्रायः 15 दिन बाद देना उचित है। तथा सारी गणना इसी आधार पर होनी चाहिए। और संराशिकरण का धनांक यथासंम्भव उससी दिन भुगतान किया जाना चाहिए।

(सिं0 पें0 कम्यूटेंशन रूल्स संख्या 10 व 11 के आधार पर)

(12) प्रार्थी स्वीकृति से पूर्व तक प्रार्थना पत्र वापस ले सकता हैं । संराशिकरण स्वीकृति हो जाने के बाद संराशिकरण का धन प्राप्त न करने तथा उसे लौटाने तथा पूरी पेंशन प्राप्त करने का अधिकार प्रार्थी को नहीं होगा और न वह स्वीकृत किया जा सकता है।

(13) यदि संराशिकरण की कार्यवाही पूर्ण हो जाने के दिनांक या उससे बाद बिना संराशिकरण का धन प्राप्त किये पेंशनर मृत हो जाये तो सारा धन उसके उत्तराधिकारियों को भुगतान किया जायेगा।

(सिं0 पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या –13)

(14) 1–यदि चिकित्सापरीक्षण की राय में किसी ऐसे विशेष परीक्षक की आवश्यकता हो जिसे वह नही कर सकता है तो वह परीक्षा प्रार्थी के व्यय पर कारायी जायेगी। संराशिकरण स्वीकृत न होने पर इस प्रकार के व्यय की पूर्ति नगर निगम द्वारा नहीं की जायेंगी।

2–किसी पेंशनर के निम्नलिखित के किसी भी रोग से प्रभावित होने पर पेंशन के किसी भाग का संराशिकरण नहीं किया जा सकता है।

रोगों के नाम –

1–एन्यूरिजम

2–टयबरक्लोसिस आहफ लंग्स

3–डायोबिटीज

4– हाई ब्लड प्रेशर 200 सिस्टामिक से उपर

5–हाई ब्लड प्रेशर 160 सिस्टामिक से उपर

6–अनकम्पनसटेड कार्डिक डीजीज

7– परनिशस एनिमिया कीयिवा

8–ल्यूकोरिया

9–एनाजिला पेवटाषिस

10–एपोलेक्सी

11–एसीटीज

12–बैरीबैरी

13–केंसर के ऑपरेशन के बाद

14–मिटल एटोनोसिस

15–इनसैनिटी

(सिं0 पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या –18)

(15) चिकित्सा प्राधिकारी को निर्धारित प्रपत्र के प्रथम भाग को पेंशनर से अपने सामने भराना चाहिये तथा उसके बाद उसकी पूरी चिकित्सा परीक्षा करके अपनी सम्मति ,यह स्पष्ट करते हूए

कि प्रार्थी ने कहा तक सही सूचना दी है, देनी चाहिए । चिकित्सा प्राधिकरण को प्रपत्र का भाग प्रार्थी के सामने 16 भरकर आवश्यकता के कारणों पर विचार करके अपनी सहमति देनी चाहिए।

(सिं0 पें0 कम्यूटेशन रूल्स संख्या –19)

(16) सि0 पें0 कम्यूटेशन रूल्स के नियम 24 के अनुसार यदि कोई पेंशनर चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा निर्धारित अधिक आयु को स्वीकार न करें अथवा जिसे चिकित्सा परीक्षा में सेराशिकरण के योग न पाया जाय तो उसे अपने व्यय से चिकित्सा प्राधिकारी के सम्मुख दोबारा उपस्थित होने की अनुमति निम्नांकित शर्तों पर दी जा सकती है।

1–पहली तथा दूसरी चिकित्सा परीक्षा में समय का अन्तर एक वर्ष से अधिक हो।

2–दूसरी चिकित्सा परीक्षा चिकित्सा परिषद द्वारा हो तथा,

3–चिकित्सा प्राधिकारी को पिछली चिकित्सा परीक्षा से एक वर्ष से अधिक लिखित प्रमाण के अतिरिक्त पिछली चिकित्सा परीक्षा की रिपोर्ट की प्रतिलिपि भेजी जानी चाहिए।

भाग –5

विविध

नगर निगम पावतों की वसूल–

10 (1) मुख्य नगर अधिकारी की स्वीकृति से उपादान अथवा स्वीकृति पारिवारिक पेंशन के धानांक सम्बन्धित अधिकारी /कर्मचारी द्वारा नगर निगम को देय कोई धन काटा जा सकता है।

बर्खास्तगी का प्रभावं–

(2) यदि कोई अधिकारी / कर्मचारी किसी कारण बर्खास्त कर दिया गया हो तो साधारणतया से अथवा उसके परिवार को कोई उपादान अथवा पेंशन देय नहीं होगी , किन्तु यदि कार्य कारिणी समिति ऐसा निश्चत करे तो विनिमय 4– के अर्न्तगत प्राप्त हो सकने वाले उपादान के धनांक का आधा दया के आधर पर स्वीकृत कर सकती है।

नियुक्ति वेतन निधि तथा अंशदान

11– 1 (क) प्रत्येक अधिकारी के सेवा निवृत्ति होने के बाद और प्रत्येक दशा में उसके एक महिने के भीतर उसके विभागीय प्रविष्टियों सेवा पुस्तिका या सेवा रोल में अधिकृत अधिकारी द्वारा उल्लिखित की जायेगी।

(ख–1) विभागीय अधिकारी द्वारा सारी जॉच आवेषण के प्रकार तथा परिणाम अभिलिखित कर दिया जाना चाहिए।

(ख–2) सेवा की अवच्छिनता समानान्तर प्रमाण पर निर्धारित की जानी चाहिए । जहॉ तक सम्भव हो प्रथम वर्ष और अन्तिम तीन वर्षों की सेवा निश्चित रूप से प्रमाणित की जानी चाहिए । प्रथम वर्ष सेवा यदि वे मिल सके तो सेवा पुस्तिका, स्केल, रजिस्टर , एकवेंन्टेस रोल अथवा असली वेतन बिल से की जानी चाहिए। यदि इस प्रकार के लेखा रिकार्ड उपलब्ध न हो तो प्रथम वर्ष की सेवा के लिए उस अधिकारी जिस पर पेंशन सम्बन्धित पत्रावली तैयार करने का दायित्व हो , का अभिलेख स्वीकार किया जायेगा। विभागीय अधिकारी को प्रथम वर्ष की सेवा का प्रमाणीकरण उपरोक्त आधार पर ही करना चाहिए । यदि पेंशन का आधार समकालीन सहवर्ती प्रमाण पत्र पर आधारित हो तो उसे स्वीकार कर लेना चाहिए , अन्तिम तीन वर्ष की सेवा का प्रमाणीकरण

उपरोक्त आधार पर वास्तविक अभिलेखों द्वारा किया जाना चाहिये इससे पूर्व की सेवाकाल को भी जो सहवर्ती प्रमाण उपलब्ध हो उसके आधार पर स्वीकार कर लेना चाहिये।

(ख–3) यदि किसी सेवाकाल को ख –2 के अन्तर्गत स्वीकार किया जाता हो और उस काल में उपयोग किये गये सवैतनिक अथवा अवैतनिक अवकाशों के प्रमाणित अभिलेख उपलब्ध हो तो उस समय के लिये स्वीकृति सेवा काल निम्न प्रकार निकाला जाये।

(1) उपार्जित अवकाश के लिये यह माना जाना चाहिये कि अधिकारी ने पूरा अवकाश उपयोग किया है। अन्य देय अवकाश के सम्बन्ध में अब तक अन्यथा प्रमाण न हो तो यह माना जाना चाहिये कि उनका उपयोग किया गया है । यदि अधिकारी ने अवैनिक अवकाश प्रायः लिया हो और उसका पूर्ण विवरण उपलब्ध न हो या शंकाजनक हो तो किसी एक वर्ष मे ऐसे अवकाश का अधिकतम काल ही उतना इस प्रकार अवकाश विवरण उपलब्ध न होने वाले या शंकाजनक सेवाकाल के पूरे वर्षों में प्रंत्येक वर्ष माना जायेगा।

(2) यदि किसी अध्किारी की सेवापुंस्तिका या सेवा रोल अथवा लेखों में उसके बिना वेतन अनुपस्थिति के प्रमाण पाये जाते है और इस प्रकार की अनुपस्थिति के बाद भी अन्य प्रयोजनों के लिये उसकी सेवा लगातार मानी गयी हो तो किसी एक वर्ष में ऐसी अनुपस्थिति का जो भी अधिकतम काल हो उतनी अनुपस्थिति उसके सेवाकाल से प्रत्येक वर्ष में मानी जायेगी जिसका पूरा विवरण सेवा पुस्तिका या रोल के अभिलिखित नहीं है।

(ख–4) यदि सेवा पुस्तिका या सेवा रोल उपलब्ध और उसकी प्रविष्टियों की पुष्टि या प्रमाणीकरण न हुआ हो तो उसमें दिये गये सेवाकाल को व्यक्तिगत पत्रावलियों आदि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर प्रमाणित किया जाना चाहिए । जहां इस प्रकार के अभिलेख उपलब्ध न हों तो उस काल के लिए अधिकारी सादे कागज पर दो सहवर्ती अधिकारियों द्वारा प्रमाणित अभिलेख प्राप्त करके रखना चाहिये यदि इस प्रकार का प्रमाण स्वीकार करने में कोई कठिनाई प्रतीत हो तो विभागीय अधिकारी द्वारा अपना अभिमत उल्लिखित कर देना चाहिये तथा उसी के अनुसार सेवाकाल स्वीकार किया जाना चाहिये।

(ख–5) पेंशन सम्बन्धी विवरण का आडिट निम्नाकिंत विधि से किया जायेगा, जब तक कोई विशेष आशंका न हो साधारणतया सारी सेवा के सम्बन्ध की प्रविष्टियों की पुष्टि के लिए निम्नलिखित की विशेष जॉच की जानी चाहिए।

(क) स्थायी नियुक्ति की प्रथम वर्ष की सेवा तथा पूर्व की अर्हकारी सेवा।

(ख) अन्तिम तीन वर्षों की अर्हकारी सेवा।

(ग) अकस्मात चुने गये किसी दो या तीन वर्षो की सेवा।

(घ) यदि सेवा पुस्तिका मे जन्म तिथि, परिवर्तन ,बर्खास्तगी आदि की प्रविष्टियॉ हों तो उनकी विशेष जॉच की जानी चाहिये।

(ड़) यदि किसी अधिकारी का सेवाकाल 33 वर्ष से अधिक का हो तो उसकी स्थायी नियुक्ति के प्रथम वर्ष के पूर्व की प्रविष्टियों की जांच आवश्यक नहीं उनकी सेवापुस्तिका तथा सम्बन्धित अन्य विवरणों को प्रपत्र (च) के साथ पूरा करके लेखाधिकारी को भेंजेंगे । लेखाधिकारी सेवा निवृत्ति वेतन के धनांक तथा अन्य विवरणों की जॉच करके मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी जाँच के बाद उपादान या सेवानिवृत्ति वेतन तथा उपादान का धनांक मुख्य नअर अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी द्वारा उनके अधिनस्थ अधिकारी के विषय में स्वीकृत किया जायेगा तथा लेखाधिकारी द्वारा सेवा निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका प्रपत्र छ अधिकारी को भेजी जायेगी।

प्रतिबन्ध यह है कि मुख्य नगर अधिकारी अथवा मुख्य नगर लेखा परीक्षक (अपने अधीनस्थ कर्मचारी के सम्बन्ध में) का यह सन्तोष हो जाये कि किसी अधिकारी के उपादान तथा

सेवा निवृत्ति वेतन पेंशन की स्वीकृति में अत्यधिक विलम्ब होगा तो वह सम्बन्धित अधिकारी द्वारा प्रपत्र झ में घोषणा पत्र देने पर अप्रत्याशित मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान और सेवा निवृत्ति वेतन पेंशन का भुगतान स्पीकृत कर सकते हैं। इस प्रकार के भुगतान का धन लेखा अेधिकारी द्वारा अत्यधिक सावधानी पूर्वक ऐसे सेक्षिप्त परीक्षण , जिसे वह अविलम्ब कर सके , निर्धारित किये गये मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान और मासिक सेवानिवृत्ति की धनराशि का 75 प्रतिशत से अधिक देय होगा।

(2) सेवानिवृत्ति वेतन और उपादान के भुगतान की विधि–

सेवानिवृत्ति वेतन लेखा अधिकारी द्वारा भुगतान किया जायेगा। भुगतान चैक द्वारा किया जायेगा । भुगतान के लिये सेवानिवृत्ति वेतन पाने वाले व्यक्तियों को अपनी सेवानिवृत्ति वेतन पुस्तिका तथा प्रपत्र ज में आवश्यक विवरण भरकर लेखा अधिकारी को देना होगा । प्रपत्र ज व निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पाने पर लेखाधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी उपस्थिति व जीवित होने के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करेगा तदुपरान्त पेंशनर को चैक दी जायेगी इन विनियमों के अर्न्तगत भुगतान होने वाले उपादान के भुगतान में भी निवृत्ति वेतन के भुगतान की रीति काम में लायी जायेगी।

(3) यदि कोई अधिकारी अपनी सेवा निवृत्ति वेतन का भुगतान डाकघर के मनी आर्डर द्वारा चाहता है। तो वह प्रपत्र ज भरकर उस पर पिछले मास का सेवानिवृत्ति वेतन का भुगतान की नीति और दिनांक लिखकर अपने जीवित होने का किसी राजपत्रित (गजटेड) अधिकारी से मुहर के साथ प्रमाणित कराकर लेखा अधिकारी को भेजेंगे और लेखाधिकारी सेवा निवृत्ति के वेतन के धनांक से मनी आर्डर कमीशन काटकार शेष धन मनीआर्डर से भेजेंगें और किये गये भुगतान की सेवानिवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका की कार्यालय में प्रविष्ट करेंगें। किसी भी दशा में 12 मास करने से पूर्व अधिकारी /कर्मचारी की सेवानिवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पंजिका प्रतिलिपि में लेखा अधिकारी प्रविष्टियां पूरी करेंग।

(4) पेंशनर्स /पारिवारिक पेंशनर्स के सेवा निवृत्तिक पेंशन/पारिवारिक पेंशन के सुविधाजनक भुगतान हेतु मुख्य नगर अधिकारी अपने विवेक से यथोचित निर्णय लेने हेतु सक्षम होंगे ।

पेंशन निधि की स्थापना और भुगतान की प्रक्रिया

13– पेंशन निधि की स्थापना और भुगतान की प्रक्रिया–

मुख्य नगर अधिकारी के नियंत्रण में एक सामान्य पेंशननिधि स्थापित की जायेगी , जो अल्मोड़ा नगर निगम पेंशन निधि के नाम से जानी जायेगी । जिसे आगे निधि कहा गया है । नियम 11 के द्वारा नगर निगम द्वारा देय पेंशन सम्बन्धी अंशदान की धनराशि इस निधि में जमा की जायेगी।

14– रोकड़ बही रखना–

निधि में जमा किया जाने वाला समस्त धन और उससे किये जाने वाले समस्त भुगतान की प्रविष्टी मुख्य नगर अधिकारी द्वारा रोंकड़ बही में की जायेगी । इस विनियमावली के संलग्न प्रपत्र झ में रखी जायेगी।

15–पेंशन अंशदान के सम्बन्ध में प्रक्रिया –

पेंशन सम्बन्धी अंशदान की धनराशि प्रतिमास के छठे दिनांक से पूर्व मुख्य नगर अधिकारी द्वारा बैंक में जमा की जायेगी। इस विनियमावली से संलग्न प्रपत्र ट में चालान तैयार किया जायेगा। चालान के साथ एक सूची होगी , जिसमें सेवा के सदस्य का नाम, पदनाम , वेतन और अंशदान की धनराशि का पूर्व विवरण दिया जायेगा। यह चालान चार प्रतियों में तैयार किये जायेंगे ।

चालान की प्रथम और द्वितीय प्रतियॉ बैंक द्वारा जमा करता को वापस दी जायेंगी , और चालानों की तृतीय और चतुर्थ प्रतियॉ बैंक द्वारा जमाकर्ता को वापस दी जायेग, और चालानों की तृतीय और चतुर्थ प्रतियॉ सूची के साथ कमशः जमाकर्ता और बैंक द्वारा प्रतिमास के दसवें दिनांक तक मुख्य नगर अधिकारी को भेजी जायेंगी । लेखा अधिकारी चालान की इन प्रतियों का मिलान करेगा और रोकड़ बही में अंशदान की धनराशि की प्रविष्टि करेगा। चालान की प्रतियॉ लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ गार्ड फाईल मे सुरक्षित रखी जायेगी।

16– लेखा बही का रखा जाना – सम्बद्ध सेवा के सदस्य का खाता भी इन विनियमावली से संलग्न प्रपत्र ठ मे रखा जायेगा। खाता बही में प्रतिमास अधिकारी को भुगतान किये गये वेतन की धनराशि और जमा किये गये अंशदान की धनराशि प्रविष्टि की जायेगी । खाता बही में प्रविष्टियॉ चालानों की प्रतियों से की जायेंगी। और प्रत्येक मास के अन्त में खाता बही में प्रविष्टि किये गये अंशदान की धनराशि का मिलान रोकड़ बही मे प्रविष्टि की गयी तत्समान धनराशि से किया जायेगा । खाता बही का पुनर्विलोपन यह निश्चित करने के लिये किया जायेगा कि समस्त सेवा के सदस्यों से सम्बनिधत पेंशन सम्बन्धी अंशदान जमा कर दिया गया है या नहीं । यदि किसी मामले में उसे जमा नहीं किया गया है तो उसे तुरन्त जमा कराया जायेगा।

17– पेंशन भुगतान आदेश–

इस विनियमावली के अधीन पेंशन/ पारिवारिक पेंशन /उपादान की धनराशि स्वीकृत कर दिये जाने के पश्चात प्रत्येक मामले में स्वीकृत की गयी पेंशन /पारिवारिक पेंशन /उपादान के भुगतान के लिए मुख्य नगर अधिकारी द्वारा इस विनियमावली के संलग्न प्रपत्र ड में पेंशन प्रपत्र भुगतान आदेश जारी किया जायेगा । इस आदेश की प्रतियॉ पेंशन भोगी और उस विभाग को जहॉ से सम्बद्ध सेवा के सदस्य सेवा निवृत्ति हुआ है, को पृष्ठाकिंत की जायेगी।

18–लेखा परीक्षा जॉच रजिस्टर –

पेंशन भोगियों को पेंशन समय पर और ठीक भुगतान सुनिश्चित करने के उददेश्य से प्रपत्र थ में एक लेंखा परीक्षा जांच रजिस्टर रखा जायेगा । इस रजिस्टर में प्रत्येक पेंशन भोगी का एक पृथक खाता खोला जायेगा।

सामान्य भविष्य निधि

19–जिन अधिकारियों को यह विनिमय प्रभावी होंगे , उन्हें नगर निगम के सामान्य भविष्य निधि खाते का सदस्य होना पड़ेगा और उन्हें अपने 12 पैंसे प्रति रूपये से कम न होते हुए भी 25 पैसा प्रति रूपया प्रतिमाह का अपना अंशदान जमा करना पड़ेगा । अंशदान की दर उन्हें अपनी नियुक्ति के शीघ्र बाद घोषित करना पड़ेगा । जब तक की इसमें किसी परिवर्तन का नोटिस मुख्य नगर अधिकारी अथवा मुख्य नगर लेखा परीक्षक को किसी वर्ष मार्च के प्रथम सप्ताह में न दें, अगले वर्ष के लिए वही दर बनी रहेगी तथा वर्ष के बीच अंशदान की पूर्व दर में कोई परिर्वतन स्वीकृत न किया जायेगा। ।

20– भविष्य निधि के अंशदान में काटा गया धन प्रतिमाह की 10 तारीख से पहले बैंक में जमा कर दिया जायेगा जिससे उसमें ब्याज मिल सके ।

21–मुख्य नगर अधिकारी को यह अधिकार होगा कि अधिकारी/ कर्मचारी लिखित सहमति से सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा धन में से बैंक एफ डी आर/ राष्टीय बचत पत्रों में विनियोजित कर दें।

22– प्रत्येक अधिकारी / कर्मचारी को भविष्य निधि का सदस्य होने पर उसकी मृत्यू के उपरान्त उसके खाते में जमा भविष्य निधि धन का भुगतान के लिए नामांकन पत्र विनिमय 6 के अनुसार

देना होगा । यह नामांकन पत्र मुख्य नगर अधिकारी अथवा उसके द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किये जायेंगे और प्राप्ति की दिनांक लिखकर तथा आवश्यक रजिस्टर में दर्ज करके अपने अभिरक्षा कस्टडी में रखे जायेंगें।

23– सामान्य भविष्य निधि में जमा हुए धन में से यदि कोई अधिकारी चाहे तो मुख्य नगर अधिकारी उसे अस्थाई अग्रिम / ऋण स्वीकृत कर सकते है। इन अग्रिमों की स्वीकृति तथा उनकी वसूली की निम्नलिखित विधि अपनाई जायेगी।

(1) साधारणतः अग्रिम की धनराशि सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी के तीन मास के वेतन से अधिक न होगी। विषम परिस्थितियों में मुख्य नगर अधिकारी अपने स्वविवेक से अधिक धन भी दे सकते है। लेकिन वह धनराशि भविष्य निधि में जमा धनराशि के आधे से अधिक नहीं होगी।

(2) यह ऋण अधिकारियों को प्रायः ऐसे व्यय को वहन करने के लिये दिये जायेंगे जिनका वहन करना उसके सामाजिक तथा धार्मिक बन्धनों के अन्तर्गत अनिवार्य हो । इन व्ययों में अपने परिवार की शिक्षा, उनकी बिमारी, विवाह अथवा मृत्यु सम्बन्धी व्यय सम्मिलित होंगे।

(3) यह अग्रिम अधिकारी / कर्मचारी से 20 किश्तों में वसूल किये जायेंगे इन ऋणों पर व्याज के रूप में एक अतिरिक्त किश्त देय होगी।

(4) अग्रिम की व्याज सहित वापसी पूरी होने के 12 महीने बाद ही दूसरे अग्रिम साधारण दिया जायेगा। परन्तु विशेष परिस्थितियों में दूसरा अग्रिम 12 मास के पूर्व भी दिया जा सकता है ।

24–यदि कोई अधिकारी चाहे तो अपने साधारण भविष्य निधि मे जमा धन से पालिसी का प्रिमियम अदा करने के लियें पालिसी को मुख्य नगर अधिकारी के नाम प्रति ग्रहण प्लस कर सकता है और प्लस की हुई पालिसी मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी के संरक्षण (कस्टडी) में रहेगी। पालिसी की प्रीमियम के लिये अग्रिम को बिमा कारपोरेशन को भुगतान किये जाने के सबूत में कार्पोरेशन की रशीद मुख्य नगर अधिकरी के पास जमा करनी होगी । इस प्रकार की पॉलिसी को चालू रखने की जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी की होगी। पॉलिसी परिपक्व (मैच्योर) होने पर उसका रूपया वसूल करके अधिकारी के भविष्य निधि खाते में जमा कर दिया जायेगा। यदि सम्बन्धित अधिकारी पॉलिसी परिपक्व होने के पूर्व सेवानिवृत्त हो जाय तो मुख्य नगर अधिकारी के हित में पॉलिसी प्रति ग्रहण करके उसे लौटा देंगे।

25–किसी अधिकारी / कर्मचारी के खाते में सामान्य भविष्य निधि मे जमा धन उसकी नगर निगम की सेवा मे निवृत्ति होने पर उसे लौटा दिया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि यदि अधिकारी चाहे तो सामान्य भविष्य निधि मे अपने खाते में जमा धन को निम्नलिखित कार्य के लिए प्रत्येक के लिए साथ उल्लिखित प्रतिबन्धों के अनुसार मुख्य नगर अधिकारी की स्वीकृति से सेवानिवृत्ति होने के पूर्व भी निकाल सकता है ।

(1) अपने निवास के लिए मकान बनाने ,क्रय करने या इस सम्बन्ध में लिये गये ऋण को अदा करने अथवा पुत्र /पुत्री के विवाह करने के लिये अपने और उस पर मिले व्याज के धन को 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने या सेवा अवधि पूर्ण होने से दस वर्ष पूर्व।

(2) अपने आश्रित बच्चों की निम्नलिखित शिक्षा के लिये तीन महिने के वेतन या भविष्य निधि में जमा धन के आधे तक ,जो भी कम हो ।

(क) विदेश में विद्या (एकेडमिक) औद्योगिक (टैक्नीकल) कला सम्बन्धी प्रोफेशनल) पाठयक्रमों कोर्सेज के लिए।

(ख) भारत में ऐसे चिकित्सा (मेडिकल) अभियान्त्रिक (इन्जीनियर) तथा अन्य औद्योगिक (टैक्नीकल) अथवा विशिष्ट स्पेलाईज्ड पाठयक्रम कोर्सेज के लिए जिनकी पढ़ाई का समय तीन वर्ष से अधिक

हो और वह शिक्षा इन्टरमीडिएट के बाद की हो , दोनों दशाओं में धन निकालने के लिए छः माह के भीतर उसे मुख्य नगर अधिकारी को सन्तोष दिलाना होगा कि धन उस कार्य में जिसके लिए वह निकाला गया था, उपयोग कर लिया गया।

ऐसा न करने पर अग्रिम लिया गया धन, मुख्य नगर अधिकारी को सामान्य भविष्य निधि मे उसके खाते में जमा करने के लिए लौटा देना होगा। जब तक कि मुख्य नगर अधिकारी उस धन के प्रयोग का समय बढ़ा न दे। यदि अधिकारी/कर्मचारी मुख्य नगर अधिकारी को या तो व्यय के विषय में सन्तोष दिला सके अथवा बचा हुआ धन लौटाये ,तो मुख्य नगर अधिकारी वह धन उसके वेतन से उचित किस्तों मे वसूल करने के लिए सक्षम होंगे।

सीमा विश्वकर्मा,
नगर आयुक्त,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

अजय वर्मा,
महापौर,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

प्रपत्र – क

विनिमय–5 (5)

मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान तथा भविष्य निधि के हेतु नामांकन

(यदि अधिकारी / कर्मचारी के परिवार है और वह उनके किसी एक सदस्य को नामांकित करना चाहता है)

मैं इस प्रमाण पत्र द्वारा निम्नांकित व्यक्तियों को , जो मेरे परिवार का सदस्य है, नामांकित करता हूँ तथा उसे उस उपादान तथा भविष्य निधि को प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ जिसे मेरी निगम की सेवा मे रहते मृत्यु होने की दशा में मुख्य नगर अधिकारी स्वीकृत करें तथा मेरी मृत्यु के बाद उसे उपादान तथा भविष्य निधि को भी प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ जो मेरे सेवा निवृत्ति होने पर प्राप्त हो और जो मुझे मेरी मृत्यु के समय प्राप्त रह जाये।

नांमांकित व्यक्तियों का नाम व पता	अधिकारी / कर्मचारी से सम्बन्ध	आयु	उस व्यक्ति अथवा व्यक्तियें के नाम (यदि कोई हो) और उसका पता तथा सम्बन्ध जिन्हें नामांकित व्यक्ति को दिये गये अधिकार प्राप्त होंगे अथवा नामांकित व्यक्ति के बाद उपादान एंव भविष्य निधि का धन प्राप्त करने के पूर्व मृत्यु होने पर अधिकार प्राप्त होगा।	वे अवस्थायें जिनके उत्पन्न होने पर नामांकन निष्प्रभावी हो जायेगा।	उपादान का धन अथवा भाग का प्रत्येक देय होगा

यह नामांकन –पत्र मेरे द्वारा इससे पूर्व दिनांक .....को किये गये नामांकन को रद्द करता है।

टिप्पणी – अधिकारी / कर्मचारी के इस प्रपत्र में लिखी गयी अन्तिम पंक्ति से नीचे के खाली स्थान को लकीर खींचकर निष्प्रयोज्य कर देना उनके हस्ताक्षर करने के बाद इसमे कुछ ....लिखा न जा सके ।

प्रपत्र –(ख)

विनिमय – 5 (5)

मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान तथा भविष्य निधि के हेतु नामांकन

(जब अधिकारी के परिवार हो तथा वह उसके एक से सदस्य को नामांकित करना चाहे)

मैं इस प्रमाण पत्र द्वारा निम्नाकित व्यक्तियों को , जो मेरे परिवार का सदस्य हो , नामांकित करता हूँ तथा उन्हें नीचे लिखे अनूसार उस उपादान तथा भविष्य निधि को प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ। जिसे मेरी नगर निगम की सेवा मे रहते मृत्यु होने की दशा में मुख्य नगर अधिकारी स्वीकृत करें, तथा मेरी मृत्यु के बाद उस उपादान तथा भविष्य निधि को भी प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ। जो मुझे मेरी मृत्यु के समय प्राप्त रह जाये।

नामांकित व्यक्तियों के नाम व पते	अधिकारी / कर्मचारी से सम्बन्ध	आयु	डपादान तथा भविष्य निधि का धन अथवा भाग जो प्रत्येक को देय होगा।	अवस्थायें, जिनके उत्पन्न होने पर नामांकन निष्प्रभावी हो जायेगा।	उस व्यक्ति अथवा व्यक्तियों का नाम (यदि कोई हो) और उसका पता तथा सम्बन्ध जिन्हें नामांकित व्यक्ति की अधिकारी से पूर्व मृत्यु होने पर नामांकित व्यक्ति को दिये गये अधिकार प्राप्त होंगे अथवा नामांकित व्यक्ति अधिकारी की मृत्यु के बाद उपादान तथा भविष्य निधि का धन प्राप्त करने से पूर्व मृत्यु होने पर अधिकार प्राप्त होगा।	उपादान या भविष्य निधि धन के भाग को प्रत्येक को होगा।

यह नामांकन –पत्र मेरे द्वारा इससे पूर्व दिनांक ..... को किये गये नामांकन को अब रद्द करता है।

टिप्पणी – अधिकारी के इस प्रपत्र में लिखी गयी अन्तिम पंक्ति के नीचे के खाली स्थान को लकीर खींचकर निष्प्रयोजन कर देना चाहिए जिससे उसके हस्ताक्षर करने के बाद उसमें कुछ लिखा न जा सके।

दिनांक .....माह.....सन..... को ..... बजे.....
.....स्थान.....में
नामांकन किया।

साक्षी (1)

(2) अधिकारी के
हस्ताक्षर

इस स्तम्भ में भरा गया धन / भाग इस तरह से भरा जाना चाहिए जिससे उपादान तथा भविष्य निधि का पूरा धन / भाग विभाजित हो जाये।

इस स्तम्भ में भरा गया धन / भाग प्रारम्भ में किये गये नामांकित व्यक्तियों को दिये गये समस्त धन / भाग के बराबर हो।

(विभागीय अधिकारी द्वारा भरे जाने को)

.....पद.....कार्यालय .....
..... के द्वारा नामांकित

विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर

पद–

प्रपत्र –(ग)

विनिमय –5(5)

मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान तथा भविष्य निधि हेतु नामांकन

(जब अधिकारी के परिवार न हो और वह किसी व्यक्ति को नामांकन करना चाहे)

मेरे कोई परिवार नहीं है । मैं इस प्रमाण पत्र द्वारा निम्नांकित व्यक्ति को , नामांकित करता हूँ तथा उसे उस उपादान अथवा भविष्य निधि को प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ जिससे मेरी नगर निगम की सेवा में रहते मृत्यु होने की दशा में मुख्य नगर अधिकारी स्वीकृत करे , तथा मेरी मृत्यु के बाद उसे उपादान तथा भविष्य निधि को भी प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ। जो मेरी सेवा निवृत्ति होने पर प्राप्त हो और जो मुझे मेरी मृत्यु के समय प्राप्त रह जाये।

प्रपत्र –(ग)

विनिमय –5(5)

मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान तथा भविष्य निधि हेतु नामांकन

(जब अधिकारी के परिवार न हो और वह किसी व्यक्ति को नामांकन करना चाहे)

मेरे कोई परिवार नहीं है । मैं इस प्रमाण पत्र द्वारा निम्नांकित व्यक्ति को , नामांकित करता हूँ तथा उसे उस उपादान अथवा भविष्य निधि को प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ जिससे मेरी नगर निगम की सेवा में रहते मृत्यु होने की दशा में मुख्य नगर अधिकारी स्वीकृत करे , तथा मेरी मृत्यु के बाद उसे उपादान तथा भविष्य निधि को भी प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ। जो मेरी सेवा निवृत्ति होने पर प्राप्त हो और जो मुझे मेरी मृत्यु के समय प्राप्त रह जाये।

नांमांकित व्यक्तियों का नाम व पता	अधिकारी / कर्मचारी से सम्बन्ध	आयु	उस व्यक्ति अथवा व्यक्तियें के नाम (यदि कोई हो) और उसका पता तथा सम्बन्ध जिन्हें नामांकित व्यक्ति को दिये गये अधिकार प्राप्त होंगे अथवा नामांकित व्यक्ति के बाद उपादान एंव भविष्य निधि का धन प्राप्त करने के पूर्व मृत्यु होने पर अधिकार प्राप्त होगा।	वे अवस्थायें जिनके उत्पन्न होने पर नामांकन निष्प्रभावी हो जायेगा।	डपादान का धन अथवा भाग का प्रत्येक देय होगा

यह नामांकन पत्र मेरे द्वारा इससे पूर्व दिनांक .....को किये गये नामांकन को अब रदद करता हूँ।

दिनांक.....माह .....सन..... को .....
स्थान .....में नामांकन किया।

साक्षी (1)

(2)

अधिकारी के हस्ताक्षर

यह स्तम्भ इस प्रकार भरा जायेंगा जिससे उपादान तथा भविष्य निधि का पूरा धन बट जाये।

(विभागीय अधिकारी द्वारा भरे जाने को)

.....पद .....कार्यालय .....के द्वारा नामांकन ।

दिनांक .....

विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र –(घ)

विनिमय–5(5)

मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान तथा भविष्य निधि के हेतु नामांकान

(जब अधिकारी के परिवार हो तथा वह उसके एक से सदस्य को नामांकित करन चाहे)

मैं इस प्रमाण पत्र द्वारा निम्नांकित व्यक्तियों को , जो मेंरे परिवार का सदस्य है, नामांकित करता हूँ तथा उन्हें नीचे लिखे अनुसार उस उपादान तथा भविष्य निधि को प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ , जिसे मेरी नगर निगम की सेवा में रहते मृत्यु होने की दशा में मुख्य नगर अधिकारी स्वीकृत करें , तथा मेरी मृत्यु के बाद उस उपादान तथा भविष्य निधि को भी प्राप्त करने का अधिकार देता हूँ , जो मुझे मेंरे सेवा निवृत्ति होने पर प्राप्त हो और मुझे मेरी मृत्यु के समय प्राप्त रह जाये।

नांमांकित व्यक्तियों का नाम व पता	अधिकारी / कर्मचारी से सम्बन्ध	आयु	उस व्यक्ति अथवा व्यक्तियें के नाम (यदि कोई हो) और उसका पता तथा सम्बन्ध जिन्हें नामांकित व्यक्ति को दिये गये अधिकार प्राप्त होंगे अथवा नामांकित व्यक्ति के बाद उपादान एंव भविष्य निधि का धन प्राप्त करने के पूर्व मृत्यु होने पर अधिकार प्राप्त होगा।	वे अवस्थायें जिनके उत्पन्न होने पर नामांकन निष्प्रभावी हो जायेगा।	डपादान का धन अथवा भाग का प्रत्येक देय होगा

यह नामांकन पत्र मेरे द्वारा इससे पूर्व दिनांक .....को किये गये नामांकन को अब रदद करता हूँ।

दिनांक.....माह .....सन..... को .....स्थान ....में नामांकन किया।

साक्षी (1)

(2) अधिकारी के हस्ताक्षर

इस स्तम्भ में भरा गया घन /भाग इस तरह से भरा जाना चाहिए जिससे उपादान तथा भविष्य निधि कर पूरा धन / भाग विभाजित हो जाये।

इस स्तम्भ में भरा गया धन /भाग प्रारम्भ में किये गये नामांकित व्यक्तियों को दिये गये समस्त धन/भाग के बराबर हो।

(विभागीय अधिकारी द्वारा भरे जाने को)

.....पद .....कार्यालय .....के द्वारा नामांकन ।

दिनांक .....

विभागीय अधिकारी के हस्ताक्षर

पद–

प्रपत्र (च)

विनियम–12 (1) (क)

लेखा अधिकारी को सेवानिवृत्ति वेतन और उपादान स्वीकृति के लिए विभागीय अधिकारी द्वारा भेजे जाने वाले पत्रों की तालिका:

1– सेवा निवृत्ति वेतन और उपादान स्वीकृति के लिए प्रार्थना –पत्र (मुख्य नगर अधिकारी द्वारा निर्धारित फार्म में)।

2– अंशवतता का प्रमाण –पत्र (यदि अंशवतता के कारण पेंन्शन मांगी जाती हो)

3– सेवा पुस्तिका पूरी करके ।

4– औसत उपलब्धियों का विवरण ।

5– अंन्तिम वेतन प्रमाण पत्र ।

6–(क) साक्षीकृत दो नमूने के हस्ताक्षर (अटेस्टेड सपेमीमेन सिगनेचर)।

(ख) दो स्लीप जिन पर बाये हाथ के अंगूठे व अंगूलियों के साक्षीकृत चिन्ह हो तथा साक्षीकृत पासपोर्ट साईज फोटो।

7– किसी अन्य पेंशनर व ग्रेज्युटी न पाने का पेंशन्र का धोषणा पत्र।

लेखाधिकारी –

उपर दिये हुये कागजात श्री /श्रीमती .....पर को पेंन्शन अथवा और उपादान स्वीकृत करने के लियें भेजे जा रहे हैं। कृपया इन्हें चैक करके आगे की कार्यवाही करें।

विभागीय अधिकारी
नगर निगम, अलमोडा

प्रपत्र–(छ)

विनिमय–12 (ख)–5) (ड़)

सेवा निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश पत्रिका संख्या

(सेवा– निवृत्ति वेतन वाले अधिकारी के लिए)

बजट मत जिससे देय–

निवृत्ति वेतन का प्रकार तथा स्वीकृति आदेश की संख्या व दिनांक	जन्म तिथि	जाति	निवास–स्थान का पता	मासिक निवृत्ति वेतन का धनांक	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6

श्रीमान लेखा अधिकारी

नगर निगम अल्मोड़ा

आगामी नोटिस तक प्रत्येक मास के समाप्त होने पर आप श्री .....पुत्र श्री .....को .....रू0.....नं0 पं0.....इनकमटैक्स काटकर(उनकी सेवा निवृत्ति वेतन एक बार में इस आदेश तथा निर्धारित फार्म पर रसीद प्रस्तुत करने पर भुगतान करें।

हस्ताक्षर

मुख्य नगर अधिकारी
नगर निगम अल्मोडा।

टिप्पणी– इस आदेश द्वारा देय पेंशन निम्नांकित दशाओं को छोडकर केवल पेंशनर को देय होगी।

(क) उन व्यक्तियों को जिनके लिये मुख्य नगर अधिकारी विशेष रूप से आदेश कर दें।

(ख) उन व्यक्तियों को जो बिमारी अथवा शारीरिक अशक्ति के कारण स्वयं उपस्थित होने में असमर्थ हो।

यदि वे पहले से मुख्य नगर अधिकारी से आदेश प्राप्त कर लें उपरोक्त में से प्रत्येक दशा में भुगतान किसी नगर निगम अधिकारी अथवा अन्य ऐसे व्यक्ति के जिसके लिए मुख्य नगर अधिकारी अपनी स्वीकृति दें , के द्वारा सम्बन्धि पेंशनर के जीवित होने के प्रमाण पत्र पर भुगतान किया जायेगा।

प्रपत्र –ज

भाग–5 विनिमय–12(2)

सेवा निवृत्ति वेतन भुगतान

आदेश पत्र का क्रम संख्या .....

बाउचर संख्या.....दिनांक .....के लिये प्राप्त सेवा निवृत्ति का मुझे .....सन 1999 .....के लिये प्राप्त सेवा निवृत्ति का .... मैंने प्राप्त किया।

पूरा प्राप्त धन .....

कटौती.....

इनकम टैक्स.....

अन्य.....टिकट

.....पेंशनर के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि .....जीवित है, वह मेंरे सम्मुख आज उपस्थित हुए ।

.दिनांक .....हस्ताक्षर

(अधिकारी का पूरा नाम)

पूरा पद.....

.....

उपादान अथवा सेवानिवृत्ति वेतन पेंशन का प्रकार

स्वीकृति कर्ता प्राधिकारी

डपादान का स्वीकृति धनांक

सेवा–निव्त्ति वेतन (पेंशन)

का धनांक'.....

भुगतान के प्रारम्भ का दिनांक

स्वीकृति का दिनांक .....सेवा निवृत्ति वेतन भुगतान आदेश संख्या ....निर्गत किया।

हस्ताक्षर

प्रपत्र –झ

विनिमय–12 (ख–5) (3)

घोषित पत्र

चूंकि .....यह अग्रिम स्वीकृति करने वाले वैद्य प्राधिकारी का पद लिखिये मुझे श्री .....के नामोदिष्ट व्यक्ति (वैद्य उत्तराधिकारी के रूप में) अंकन रू0.....शब्दों में मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान और रूपये .....प्रति माह सेवा– निवृत्ति वेतन का सही धन निर्धारित किये जाने और आवश्यक जांच की पूर्ति की प्रत्याशा में अग्रिम रूप से अतंकालीन भुगतान करने के लिए सहमत हो गये। अतः में इस लेख द्वारा यह स्वीकार करता हूँ कि उपादान और सेवानिवृत्ति वेतन के मासिक अग्रिम (एडवांस) के ग्रहण करने में मैं पूरी तरह यह समझता हूँ िकवह मुझे देय मृत्यु सम्मलित सेवा निवृत्ति उपादान और सेवानिवृत्ति वेतन की आवश्यक यथा विधि जॉच पूरी होने पर संसोधनीय है और मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि इस संसोधन में इस आधार पर कोई आपत्ति न करूँगा कि प्रत्याशित मृत्यु सम्मिलित सवेा निवृत्ति उपादान या मासिक सेवा निवृत्ति को इस समय मुझे भुगतान किया जा रहा है। उसे मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान या और मासिक सेवा निवृत्ति वेतन से अधिक है। जो मुझे अग्रिम रूप से स्वीकृत किया जायेगा। मैं यह भी प्रतिज्ञा करता हूँ कि मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान और मासिक निवृत्ति वेतन का जो धन अग्रिम रूप से स्वीकार किया जायेगा उसमें अधिक जो भी भुगतान मुझे होगा मै तुरन्त लौटा दूँगा।

हस्ताक्षर के साथ पता सहित

1–

2–

हस्ताक्षर–

दिनांक–

पदनाम –

(यदि नगर निगम कर्मचारी से)

स्टेशन–

दिनांक–

प्रपत्र –झ
(निमय–13(4) देखिये)

मृत अधिकारी के विधित उत्तराधिकारी या परिवार के सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा।

चूंकि मुख्य नगर अधिकारी ने श्री.....पदनाम जो दिनांक.....को सेवानिवृत्त हुये और जिनकी मृत्यु दिनांक .....को हुयी के उपाादान/मृत्यु एवं सेवानिवृत्त उपादान पारिवारिक पेंशन की धनराशि के रूप में मुझे .....की धनराशि स्वीकृत करने की सम्मति दी हैं अतएव मैं एतद्वारा अभिस्वीकार करता हूँ की उक्त धनराशि/धनराशियों को स्वीकार करने मे, मैं पूर्णतया समझाता हूँ की यह पेंशन/उपादान,मृत्यु एवं सेवानिवृत्त उपादान/पारिवारिक पेंशन, उस धनराशि से, जिसका मैं नियमों की अधीन हकदार हूँ, अधिक पाये जाने पर पुनरीक्षण के अधीन होगी और मैं वचन देता हूँ की मैं ऐसे पनरीक्षण के लिये कोई आपत्ति नहीं करूँगा। एसी धनराशि को जो मुझे उस धनराशि से जिसका में अंततः हकदार पाया जाऊँ, अधिक भुगतान की गयी हो वापस करने का वचन देता हूँ।

हस्ताक्षर के साथ पता सहित

मृत अधिकारी के विधिक उत्तराधिकारी या परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर –

हस्ताक्षर के साथ पता सहित

1– .....

2– .....

3– .....

इस घोषणा पत्र के उस नगर, ग्राम या परगना के, जिसमें आवेदक निवास करता है (दो प्रतिष्ठीत व्यक्ति साक्षी होने चाहिये।

प्रपत्र –अ

नियम 17 देखिये

रोकड़ बही

आय –पक्ष

दिनांक	उस स्थानीय निकाय का नाम	उस अधिकारी का नाम व पदनाम जिसके लिये अंशदान जमा किया जाय	चलान की संख्या और दिनांक	धनराशि	योग	बैंक में जमा करने का दिनांक
1	2	3	4	5	6	7

व्यय पक्ष

दिनांक	व्यय बउाचर की संख्या	भुगतान का पूर्ण विवरण	धनराशि	योग	उस बैंक का नाम जिससे भुगतान किया जाय

प्रपत्र –ट

नियम 19 देखिये

चालान की संख्या.....स्टेट बैंक आफ इण्डिया .....
.....जिला .....
...इस चालान की धनराशि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया .....में जमा किया जायेगा।

जिसके द्वारा जमा किया गया	स्थानीय निकाय का नाम	जमा की गयी धनराशि का पूर्ण विवरण	धनराशि	लेखा शीर्षक जिसमे धनराशि जमा की जायेगी	बैंक के लिय अनुदेश
1	2	3	4	5	6

कृपया धनराशि प्राप्त करे और उसकी अभिस्वीकृति दे।

योगः–

मुख्य नगर अधिकारी के हस्ताक्षर

धनराशि शब्दो में .....

प्राप्त धनराशि शब्दो में.....

रोकड़िया

स्टेट बैंक आफ इंडिया

लेखाकार

स्टेट बैंक आफ इंडिया

अभिकर्ता

स्टेट बैंक आफ इंडिया

प्रपत्र – ठ

नियम 20 देखिये

पेंशन निधि का बहीखाता

मास का नाम

कम सं0	अधिकारी का नाम	अधिकारी का नाम	वह मास जिसके लिये वेतन आहरित किया गया।
1	2	3	4

जमा किये जाने वाले अंशदान की धनराशि	वास्तव में किये गए अंशदान की धनराशि	चालान की संख्या और दिनांक	उस बैंक का नाम जहां धनराशि जमा की गई
5	6	7	8

नगर निगम अल्मोड़ा

प्रपत्र–ड विनियमावली भाग 3 के अन्तर्गत

प्रथम भाग

क्रम संख्या दिनांक

सेवा निवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंशन) अथवा उपादान तथा मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान हेतु प्रार्थना पत्र–

1– प्रार्थी का नाम–.....

2– पिता का नाम (तथा नगर निगम के स्त्री कर्मचारी के सम्बन्ध में पति का नाम भी).....
.....

3– धर्म तथा राष्टीयता .....

4– ग्राम ,नगर, जिला तथा राज्य दिखाते हुए स्थायी निवास का पता–.....
.....

5– (क) वर्तमान अथवा अन्तिम नियुक्ति स्थापना .....

फोटो

(ख) वर्तमान अथवा अन्तिम नियुक्ति का पद.....

6– क) सेवा के प्रारम्भ का दिनांक .....

(ख) सेवा समाप्ति का दिनांक .....

7– रूकावटों (इन्स्टपशन्स)तथा अनहंकारी (नान–क्वालीफाइंग) सेवा नियमों के विवरण सहित सेवाकाल वर्ष..... मास.....दिन.....

8–प्रार्थी सेवा –निवृत्ति वेतन (पेंशन) अथवा उपादान का प्रकार तथा प्रार्थना पत्र का कारण.....
.....

9– औसत उपलब्धियॉ .....

10– प्रस्तावित पेंशन या उपादान .....

11– प्रस्तावित मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान.....

12– पेंशन प्रारम्भ होने का दिनांक .....

13–क्या नामांकन प्रस्तुत किया है।.....

(1) पारिवारिक सेवा निवृत्ति वेतन हेतु.....

(2) मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान हेतु .....

14–ईसवी सन के अनुसार प्रार्थी का जन्म दिनांक .....

15– उचाई (हाईट).....

16– (क) पहचान चिन्ह .....

(ख) बॉये हाथ के अंगूठे और उगलियों के चिन्ह

अंगूठा तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका

17– प्रार्थी द्वारा पेंशन /उपादान हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित करने का दिनांक –.....

18– यदि प्रार्थी अंशदानी (कंटीव्यूटरी) भविष्य निधि का सदस्य हो तो कृपया उसकी लेखा संख्या दीजिए। .....

विभागीय अधिकारी –
विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर–

प्रार्थी के हस्ताक्षर

उपादान अथवा सेवानिवृत्त वेतन (पेंशन)का प्रकार.....

स्वीकृति कर्ता प्राधिकारी .....

उपादान का स्वीकृति धनांक .....

सेवानिवृत्त वेतन (पेंशन) का धनांक .....

भुगतान के प्रारम्भ का दिनांक .....
स्वीकृति का दिनांक .....सेवानिवृत्ति वेतन भुगतान आदेश सं0 .....निर्गत किया

हस्ताक्षर
लेखाधिकारी

द्वितीय भाग

सेवाकाल की बाधाओं का उल्लेख करते हुए सेवा का इतिहास
जन्म का दिनांक .....

स्थापना (स्टेवलिशमेन्ट)	नियुक्ति	वेतन	स्थानापन्न वेतन	आरम्भ का दिनांक	सेवा समाप्ति का दिनांक	सेवा माना गया समय	सेवा न माना गया समय	टिप्पण	सत्यापन किस प्रकार किया गया	लेखाधिकारी की टिप्पणी	मुख्य नगर लेखा परीक्षक की टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

सेवाकाल का कुल समय .....वर्ष .....मास .....दिन

विभागीय अधिकारी/विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर

संक्षेपाकी (डाकेट)

सेवानिवृत्त वेतन (पेंशन) अथवा उपादान हेतु प्रार्थना पत्र

प्रार्थना पत्र का दिनांक
प्रार्थी का नाम
अन्तिम नियुक्ति
मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति

हस्ताक्षर
स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी का पद

तृतीय भाग

(क) विभागीय अधिकारी/विभागाध्यक्ष की टिप्पणी –

1– प्रार्थी के चरित्र और पिछले आचरण के विषय में।

2– यदि कोई निलम्बन अथवा पदोवनति हो तो उसका विवरण।

3– प्रार्थी द्वारा पहले प्राप्त उपादान या पेंशन।

यदि कोई हो तो उसका विवरण।

4– अन्य टिप्पणी यदि कोई हो

5– अभ्यर्थियो सेवा में उपस्थित होने तथा उसके स्वीकार/अस्वीकार किये जाने के विषय में विभागीय अधिकारी/विभागाध्यक्ष का निश्चित मत) स्पेसिफिक ओपिनियन) देखिए सि0 स0 रेगुलेशन आटिकिल 917 (1)।

विभागीय अधिकारी /विभागाध्यक्ष हस्ताक्षर

(ख) लेखा विभाग की टिप्पणी

कम सं0..... दिनांक.....

पृष्ठ संख्या (1)व (2) पर दिये विवरण की जांच सेवा पुस्तिका /सेवा सूची (सर्विस रोल) के लेखों से की गई ।

अहंकारी सेवा निम्न प्रकार निकलती है । .....वर्ष .....मास .....दिन .....

(1) मृत्यु सम्मलित सेवा निवृत्त उपादान हेतु

(2) सेवा निवृत्त वेतन (पेंशन) हेतु

तथा उपरोक्त के लिये धन निम्न प्रकार निकालते हैं।

(1) मृत्यु सम्मलिति सेवानिवृत्ति।

डपादान.....(रु0.....)

(2) सेवानिवृत्ति वेतन (पेंशन)(रुपया.....)

लेखाधिकारी

(ग) लेखा परीक्षा विभाग

कम संख्या..... दिनांक .....

श्री .....पद .....के मृत्यु सम्मलित सेवा निवृत्त उपादान तथा सेवानिवृत्ति वेतन (पेंशन) के मामले जिनका विवरण इस प्रपत्र मे दिया हुआ है, की मैंने जॉच की ।

मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान का धन रूपया .....(रूपया.....) निकलता है तथा सेवानिवृत्ति वेतन (पेंशन) के धन रूपया .....(रूपया.....) प्रतिमाह होता है। जिसका भुगतान दिनांक..... से प्रारम्भ होगा।

चतुर्थ भाग

क्रम संख्या .....

(घ) सेवानिवृत्त (पेंशन) स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी के आदेश .....

अघोहस्ताक्षरी ने अपने आपको संतुष्ट कर लिया है कि श्री ..... द्वारा की गयी मृत्यु पूर्णरूप से संतोषजनक रही है तथा इस आदेश द्वारा रूपया .....पूरा मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान और सेवानिवृत्ति वेतन (पेंशन) जिसका धनांक रूपया ....प्रतिमाह होता है। स्वीकार करता हूँ, इस पेंशन का भुगतान दिनांक से प्रारम्भ होगा।

अथवा

अघोहस्ताक्षरी ने अपने आप को संतुष्ट कर लिया है कि श्री .....द्वारा की गयी सेवा पूर्ण रुप से संतोषजनक नहीं रही है तथा आदेश दिया जाता है कि इन विनियमो के अनुसार देय सेवानिवत्ति (पेंशन) मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति उपादान का पूरा धनांक रुपये ....(यहां या तो निश्चित धन दीजिए अथवा प्रतिशत लिखिए) से कम कर दिया जावे । इस पेंशन का भुगतान दिनांक .....से प्रारम्भ होगा।

यह आदेश इस प्रतिबन्ध के साथ दिया जाता है कि यदि भविष्य में किसी समय पेंशन का धनांक सेवानिवृत्त अधिकारी की देय पेंशन से धनांक से अधिक पाया जाय तो उस इस प्रकार पाया गया अधिक भुगतान का धन वापस लौटाना पड़ेगा । सेवानिवृत्त अधिकारी से इस प्रतिबन्ध का स्वीकार करते हुए घोषणा पत्र प्राप्त कर लिया गया है। तथा इस आदेंश के साथ संलग्न है।

हस्ताक्षर

मुख्य नगर अधिकारी /मुख्य नगर लेखा परीक्षक

नगर निगम अल्मोड़ा।

संक्षेपांकी (डाकेट)

सेवानिवृत्ति वेतन (पेंशन) अथवा उपादान हेतु प्रार्थना पत्र

प्रार्थना पत्र का दिनांक
प्रार्थी का नाम
अन्तिम नियुक्ति
मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्ति

हस्ताक्षर.....
स्वीकृतिकर्ता प्राधिकारी का पद.....

प्रपत्र –ढ

विनियमावली के भाग 2 के अन्तर्गत

श्री .....भूतपूर्व .....कार्यालय /विभाग के परिवार के लिए पारिवारिक सेवा निवृत्ति (फैमली पेंन्शन) हेतु प्रार्थना पत्र–

1– प्रार्थी का नाम–

2– मृत अधिकारी / सेवा निवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंशनर) के सम्बन्ध (रिलेशनशिप)

3– यदि मृतक सेवानिवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंन्शनर) था तो उसकी सेवा निवृत्ति की दिनांक

4– अधिकारी / सेवा निवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंन्शनर) की मृत्यु दिनांक (किन्डर्ड)

5– मृतक के उत्तरजीवि रक्त सम्बन्धियों के नाम तथा अवस्थाएं

(क) धर्म पत्नी /पति, पुत्र	नाम	ईसवी अनुसार जन्म का दिनांक
अविवाहित पुत्रियॉ ,	सौतेले बच्चों तथा गोद लिये	
विधवा पुत्रियॉ	बच्चों को सम्मलित करते हुऐ	

.....

ईसवी सन के अनुसार जन्म दिनांक
नाम

(ख) पिता	सौतेले भाईयों और
माता	सौतेले बहिनों को
सगे भाई	सम्मलित करते हुए

अविवाहित सगी बहिनें

विधवा सगी बहिनें

6– प्रार्थी का विवरण पंजी (डिसमष्टिव रोल)

(1) ईसवी सन के अनुसार जन्म दिनांक

(2) उचॉई

(3) चेहरे आदि का वैयक्तिक चिन्ह (यदि कोई हो)

(4) हस्ताक्षर अथवा बांयें हाथ के अंगूठे तथा अंगुलियों के चिन्ह

कनिष्टका	अनामिका	मध्यमा	तर्जनी	अंगूठा

टिप्पणी –यदि उपरोक्त में से कोई धनांक अथवा दिनांक लेखाधिकारी द्वारा दिये गये धनाकों अथवा दिनांक से भिन्न हो तो उसकी भिन्नता के स्पष्टीकरण अलग लेख में दिये जाने चाहिए।

मुख्य नगर लेखा निरीक्षक
नगर निगम अलमोड़ा

7) निम्नलिखित द्वारा अप्रमाणित

(1) .....

(2).....

निम्नलिखित द्वारा सक्षीवृत हस्ताक्षर

(1).....

(2).....

8– आवेदक का पूरा पता.....

टिप्पणी –

(1) पारिवारिक पेंशन के साथ भेजी गयी विवरण तथा हस्ताक्षर /अगूंठा/ और अंगूलियों के चिन्ह दो प्रतियों में तथा उस नगर ,ग्राम या परगना , जिसमें प्रार्थी निवास करता हों, के दो या अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रमाणित होने चाहिए ।

(2) यदि प्रार्थी उपर के कम संख्या 6 (ख) दो श्रेणी में आता है तो उसे मृत अधिकारी / सेवानिवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंशनर) अवयस्क सगा भाई हो तो उसकी पुष्टि के लिये अ का असली प्रमाण पत्र (दो प्रमाणित प्रतिलियों सहित) जिसमें प्रार्थी का जन्म दिनांक दिया हो, लगाना चाहिए । आवश्यक सत्यापन बाद असली प्रमाण पत्र प्रार्थी को लौटा दिया जायेगा।

प्रपत्र–त

नगर निगम, अल्मोड़ा

विनियमावली के भाग 2 के अन्तर्गत

श्री .....भूतपूर्व .....कार्यालय /विभाग के परिवार के लिये मृत्यु सम्मिलित सेवा – निवृत्ति उपादान(डेथ कम रिटायरमेंन्ट ग्रेच्यूटी)/अवशेष उपादान (ग्रेच्यूटी) स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र–

1– प्रार्थी का नाम –

2– मृत अधिकारी /सेवा निवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता

(पेंशनर) से सम्बन्ध (रिलेशनशिप)

3–जन्म दिनांक

4–यदि मृतक सेवानिवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंशनर)

था तो उसका सेवानिवृत्ति का दिनांक

5–अधिकारी सेवानिवृत्ति वेतन प्राप्तकर्ता (पेंशनर)

की मृत्यु दिनांक

6–प्रार्थी का पूरा पता

7–प्रार्थी के हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का चिहन

8–(1).....

(2).....द्वारा प्रमाणित (अटेस्टेड किया गया)।

9– साक्षी का नाम व पूरा पता हस्ताक्षर

(1).....

(2).....

मुख्य नगर अधिकारी
नगर निगम अल्मोड़ा।

प्रपत्र –थ

(नियम 25 देखिये)

लेखा परीक्षा जांच रजिस्टर

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया में देय पेंशन

पेंशन भुगतान आदेश संख्या	पेंशन भोगी का नाम	जन्म का दिनांक	अन्तिम आहरित वेतन	पेंशन का वर्ग	पेंशन की मासिक धनराशि	प्रारम्भ का दिनांक	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8

पेंशन के भुगतान का दिनांक

मास	वर्ष	लेखाधिकारी के हस्ताक्षर	वर्ष	लेखाधिकारी के हस्ताक्षर	वर्ष	लेखाधिकारी के हस्ताक्षर
1	2	3	4	5	6	7
जनवरी						
फरवरी						
मार्च						
अप्रैल						
मई						
जून						
जुलाई						
अगस्त						
सितम्बर						
अक्टूबर						
नवम्बर						
दिसम्बर						

भाग–3

(सेवानिवृत्ति वेतन पाने वाले अधिकारी/कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर करने हेतु)

चूंकि .....(यहाँ सेवानिवृत्त वेतन/पेंशन सेवानिवृत्त उपादान/मृत्यु सम्मिलित उपादान स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी का पदनाम लिखिये) में रूपया .....प्रतिमाह मेरा पेंशन के रूप में भुगतान करना स्वीकार कर लिया है।

अतः मैं इस लेख द्वारा यह अंगीकार करता हूँ कि उपरोक्त कथित धन को स्वीकार करने में मैं पूर्णरुप से यह समझता हूँ कि पेंशन /उपादान मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्ति उपादान जो मुझे विनियमों के अन्तर्गत देय हो, उससे अधिक होने की दशा में संशोधनीय (सबजेक्ट टू रिविजन) है तथा मैं बचन देता हूँ कि इस प्रकार का संशोधन रिवीजन में मुझे कोई आपत्ति न होगी। मैं यह भी बचन देता हूँ कि मैं उस धनांक से जिसका मैं अन्तिम रुप से अधिकारी हो ,अधिक भुगतान किया गया धन मै लौटा दूँगा। मैं इस लेख द्वारा यह भी धोषणा करता हूँ और वचन देता हूँ कि नगर निगम, अल्मोड़ा कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति सुविधा तथा सामान्य भविष्य निधि विनिमय 2014 के विनिमय 3 के उपविनियम 2(क) तथा 2(ख) के अनुसार भविष्य निधि के मेरे भाग धन में आगे चलकर पाए गए अधिक भुगतान के धन को भी मैं लौटा दूंगा तथा मुख्य नगर अध्किारी को मैं यह अधिकार देता हूँ कि वे इस प्रकार के अधिक भुगतान किए गये धन का भविष्य में मुझे देय पेंशन अथवा मेरे उत्तराधिकारियों को देय मेरी पेंशन से काट लें।

1– साक्षी के हस्ताक्षर
पता व पेशा
2– साक्षी के हस्ताक्षर
पता व पेंशा

नोटः–इस धोषणा पत्र पर प्रार्थी के निवास स्थान का पतां लिखें।

नगर निगम अल्मोड़ा

विनियमावली के भाग –2व 3 का संलग्नक

नगर निगम अल्मोड़ा के मृत अधिकारी / कर्मचारी के वैंध उत्तराधिकारी अथवा परिवार के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर हेतु)

चूकि.....(यहां पारिवारिक सेवा निवृत्ति वेतन व पेंशन)/ मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्त उपादान /पेंशन या उपादान का बकाया धन स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का नाम लिखिए) ने (रुपया .....) जो मृत्यु सम्मिलित सेवानिवृत्त उपादान /बकाया पेंशन व उपादान जो श्री /श्रीमती ....यहां नगर निगम के मृत अधिकारी / कर्मचारी का नाम व पदनाम लिखित) का देय धन है मुझे भुगतान करना स्वीका कर लिया है।

अतः मैं इस लेख द्वारा अंगीकार करता हूँ कि उपरोक्त कथित दिए धन/ धनों के स्वीकार करने मैं पूर्ण रुप से यह समझता हूँ कि मुझे देय पारिवारिक सेवानिवृत्त वेंतन / पेंशन और मृत्यु सम्मिलित सेवा निवृत्त उपादान / मृत श्री /श्रीमती ....को देय बकाया पेंशन या उपादान का धन विनियमों और नियमों के अन्तर्गत मुझे धन के वास्तविक धनांक से अधिक पाये जाने पर संसोधनीय है मै बचन देता हूँ कि इस प्रकार संसोधन रिवीजन) में मुझे कोई आपत्ति न होगी। मै यह भी बचन देता हूँ कि उस धनांक से जिसका मै अन्तिम रुप से अधिकारी पाया जांउ अधिक भुगतान किये गये कुल धन को मै लौटा दूंगा।

मै इस विलेख द्वारा यह भी घोषणा करता हूँ और बचन देता हूँ कि अल्मोड़ा नगर निगम के कर्मचारियों के सेवानिवृत्त वेतन तथा सामान्य भविष्य निधि विनिमय 2014 के विनिमय 3 के उप विनिमय 2 क) के अनुसार भविष्य निधि के भाग / धन में आगे चलकर पाये गये अध्किा भुगतान के धन को भी लौटा दूंगा तथा मुख्य नगर अध्किारी को मै अधिकार देता हूँ किवे इस प्रकार के अधिक किए गए धन के भुगतान को भविष्य में मुझे देय पेंशन में से काट लें।

साक्षी के हस्ताक्षर
पेशा

हस्ताक्षर पता व लाभार्थी
(वेनींफिशियरी)

नोट–

1– प्रत्ये लाभार्थी को अलग धोषणा पत्र देना चाहिए।

2–2प्रार्थी के निवास गांव या परगना के दो या अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा धोषणा पत्र का साक्षी होना चाहिए।

प्रपत्र द

विनियमावली के भाग –4 के अन्तर्गत

नगर निगम अलमोड़ा

पेंशन राशिकरण के लिए प्रार्थना –पत्र'

सेवा में,

मुख्य नगर अधिकारी,
नगर निगम अल्मोड़ा।

महोदय,

मेरा विवरण निम्नवत है, मुझे पेंशन राशिकरण स्वीकृत करने की कृपा करें।

1– नाम.....

2– पिता/ पति का नाम .....

..

3– सेवानिवृत्त के पश्चात पता–

(क) स्थायी पता.....

.....

(ख) पत्र व्यवहार का पता.....

4– जन्मतिथि.....

5– सेवा प्रारम्भ करने की तिथि.....

6– सेवा निवृत्ति तिथि.....

7– अन्तिम पद (जहॉ से सेवानिवृत्ति हूए) का पदनाम.....
तथा कार्यालय / विभाग का नाम.....

8– मृत्यु होने की दशा मे नोंमिनी का नाम एंव पता जिसे जीवनकालीन अवशेष का भुगतान किया जाय.....

9– पेंशन का भाग या पेंशन की धनराशि जिसका राशिकरण अपेक्षित.....

.....

10– भुगतान किस बैंक से आहरित करना चाहते हैं.....

..

11– राशिकरण का उददेश्य	अनुमानित व्यय
(1) निवास भवन के निर्माण /क्रय	.....
(2) लिए गए ऋण की अदायगी	.....
(3) बच्चों या आश्रितों की शिक्षा	.....
(4) विवाह व्यय हेतु	.....
(5) व्यापार प्रारम्भ हेतु	.....

प्रार्थी के हस्ताक्षर

मुख्य नगर अधिकारी
नगर निगम, अल्मोड़ा।

सीमा विश्वकर्मा,
नगर आयुक्त,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

अजय वर्मा,
महापौर,
नगर निगम, अल्मोड़ा।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 20 हिन्दी गजट/144–भाग 8–2026 (कम्प्यूटर/रीजियो)।

मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रूड़की।